# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–24.08.2024 (संध्या 1900 बजे)

## मुख्य समाचार

1. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश विदेश के लोगों से करेंगे अपने विचार साझा।**
2. **केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आज रायपुर में देश के नक्सल प्रभावित राज्यों की अन्तरराज्यीय समिति की हुई बैठक, श्री शाह ने राज्यों को समन्वय बनाकर नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाने का दिया निर्देश।**
3. **भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी शिखर धवन ने अंतरराश्ट्रीय क्रिकेट के तीनों प्रारूपों से सन्यास लेने की घोशणा की।**
4. **राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में अगले चार दिनों तक भारी बारिश को लेकर मौसम विभाग का येलो अलर्ट।**

****************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सवेरे ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम की यह 113वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑनएआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। साथ ही इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा।

****************

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आज रायपुर में देश के नक्सल प्रभावित राज्यों की अन्तरराज्यीय समिति की बैठक हुई। श्री शाह ने राज्यों को समन्वय बनाकर नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान गृहमंत्री ने वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रो में सुरक्षा और विकास संबंधी मुद्दों और कार्ययोजनाओं की समीक्षा की। इस बैठक में छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, मध्यप्रदेश, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशकों के साथ ही केंद्र और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।

****************

मुख्यमंत्री हेमत सोरेन ने हजारीबाग में आयोजित प्रमंडल स्तरीय **झारखंड मंइयां सम्मान योजना** कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने हजारीबाग प्रमंडल की 13 लाख 94 हजार 82 महिलाओं के खाते में इस योजना की पहली किस्त जारी की। उन्होंने कहा कि अबतक पूरे राज्य की 42 लाख महिलाओं को इस योजना में जोड़ा जा

चुका है। वहीं राज्य के 33 लाख बुजुर्गों को पहले से पेंशन सरकार देने का काम कर रही है।

****************

राज्य सरकार की कथित तानाशाही के खिलाफ भारतीय जनता युवा मोर्चा ने रांची के फिरायालाल चौक पर राज्य सरकार का पुतला दहन किया। भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने कहा कि हम लाठी गोली से डरने वाले नहीं हैं। राज्य के युवाओं के हक के लिए हम और जोरदार आंदोलन चलाएंगे। राज्य सरकार की विफलता और परीक्षाओं में धांधली मामले में सीबीआई जांच की मांग को लेकर कल रांची में भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने युवा आक्रोश रैली निकाली थी। इस दौरान पुलिस ने रैली प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए बल का प्रयोग भी किया था। इसमें कई कार्यकर्ता घायल हो गए थे।

****************

पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सरायकेला टाउन हॉल में आयोजित नए अध्याय कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में काफी संख्या में उनके समर्थक मौजूद थे। उन्होंने एक जनसभा को भी संबोधित करते हुए कहा कि अगले कुछ दिनों में राजनीति को लेकर तैयार की गई रणनीति की तस्वीर पूरी तरह साफ हो जाएगी। उन्होंने लोगों से समर्थन मांगा।

****************

आकाशवाणी रांची की ओर से आज रांची के आर्यभट्ट सभागार में स्वाधीनता संगीत उत्सव श्रावणी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन आकाशवाणी के केंद्र प्रमुख डीसी हेंब्रम, दूरदर्शन के केंद्र प्रमुख आरके राव और कार्यक्रम प्रमुख गौरव शेखर राय ने संयुक्त रूप से किया। आकाशवाणी के कार्यक्रम प्रमुख डीसी हेंब्रम ने कहा कि जनमाध्यम के रूप में हम बहुत बड़ी जनसंख्या तक पहुंचते हैं।

****************

रांची के जैप 1 डोरंडा में चल रहे महिला पुलिस सम्मेलन के दूसरे दिन अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज और कोच पूर्णिमा महतो ने कहा कि वे जीवन में आने वाली चुनौतियों से घबरायें नहीं। खेल के क्षेत्र में भी बहुत सारी चुनौतियां हैं। चुनौतियों से लड़ेंगे, तभी आगे बढ़ पाएंगे। तभी देश के लिए मेडल ला पाएंगे, जिससे देश का और झारखंड का नाम रोशन होगा। पूर्णिमा महतो स्पोर्ट्स में महिलाओं की चुनौतियां एवं समाधान पर बोल रही थीं। पंचायत जनप्रतिनिधि और पुलिस विषय पर परिचर्चा करते हुए गुमला के दूधिया, भरणो ग्राम पंचायत की मुखिया रश्मि लकड़ा ने कहा कि हम जनप्रतिनिधि का उद्देश्य है कि सरकार की योजनाओं का लाभ जरूरतमंद व्यक्ति तक जरूर पहुंचे।

****************

झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद ने राज्य के नर्सिंग संस्थानों में शैक्षणिक वर्ष 2024–25 के बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रमों में नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन

प्रारंभ कर दिया है। आवेदन 9 सितंबर तक भरे जाएंगे और 21 सितंबर को दो पालियों में प्रवेश परीक्षा ली जाएगी। अधिक जानकारी पर्षद की वेबसाइट से ली जा सकती है।

****************

पल्स पोलियो अभियान के तहत कल राज्य के इकसठ लाख पंद्रह हजार सात सौ तीन बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। राज्य प्रतिरक्षण पदाधिकारी डाक्टर बीरेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों दवा पिलाने के लिए राज्यभर में चौबीस हजार चार सौ तिरसठ बूथ बनाए गए हैं। इस अभियान से छूटे हुए बच्चों को 26 और 27 अगस्त को स्वास्थ्य विभाग की टीम घर–घर जाकर दवा पिलाएगी।

****************

पाकुड़ जिले की गरीब महिलाओं को ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण देकर स्वावलंबी बनाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

****************

भारतीय क्रिकेट खिलाडी शिखर धवन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी तीनों प्रारूपों से सन्यास लेने की घोषणा की है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियों संदेश में धवन ने कहा कि वे क्रिकेट की अनगिनत यादे अपने साथ ले जा रहे हैं।

****************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में अगले चार दिनों तक भारी बारिश को लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। रांची मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार रांची के अलावा पश्चिमी सिंहभूम, खूंटी, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, लातेहार, पलामू और गढ़वा में आज और कल भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने यह भी बताया कि पश्चिम बंगाल और झारखंड के ऊपर निम्न दबाव का क्षेत्र कायम है, जिसका असर राज्य में दिख रहा है।